# प्रेस विज्ञप्ति
## दिनांक- 11.11.2023
## जनपद सोनभद्र

**सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक DCM ट्रक से 151 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0 23 लाख) बरामद ।**

आगामी त्यौहारों व सीमावर्ती राज्यों में चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा अपने प्रभावी इलेक्ट्रॉनिक एवं धरातलीय आसूचना संजाल के इनपुट से दिनांक 10.11.2023 को समय लगभग रात्रि 23.00 बजे हिन्दुआरी तिराहे से 01 अदद DCM ट्रक संख्या- HR45 B3831 से 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 151 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0-23 लाख) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-660/2023 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 10.11.2033 को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि तस्कर उड़िसा प्रांत से गांजा लेकर रॉबर्ट्सगंज/हिन्दुआरी के रास्ते करनाल (हरियाणा) लेकर जा रहे है । गठित टीम द्वारा इस सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत हिन्दुआरी तिराहे से 01 अदद DCM ट्रक संख्या- HR45 B3831 से उड़िसा से करनाल (हरियाणा) ले जा रहे 02 अन्तर्राज्यीय तस्करों को प्लास्टिक की 08 बोरियों में भरी 151 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0 23 लाख) के साथ गिरफ्तार किया गया।

**विवरण पूछताछ-** पूछताछ करने पर तस्करों द्वारा बताया गया कि हम लोग गांजा उड़िसा से लेकर हरियाणा राज्य के करनाल शहर व आस-पास के अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचते हैं । इस कार्य में गाड़ी मालिक हम लोगों को गाड़ी उपलब्ध कराता है एवं इसे बेचने में हम लोगों की मदद करता है । हम लोग यह काम पहले भी कई बार कर चुके हैं ।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –**

1. सुरेश कुमार पुत्र मांगे राम निवासी वीरबड़ालवा थाना निगदू जनपद करनाल (हरियाणा) उम्र लगभग 35 वर्ष (चालक)।

2. रणधीर पुत्र पालाराम निवासी पतनपुरी थाना निगदू जनपद करनाल (हरियाणा) उम्र लगभग 36 वर्ष ।

**वांछित अभियुक्त-**

1. DCM ट्रक संख्या- HR45 B3831 का वाहन स्वामी नाम व पता- अज्ञात।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 151 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत 23 लाख रुपये)

2. 01 अदद DCM ट्रक संख्या- HR45 B3831 (अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये) ।

3. 01 अदद मोबाइल फोन ।

**गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

2. निरीक्षक राजेश सिंह, प्रभारी एसओजी/ सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र ।

3. उप निरीक्षक रामसिंहासन शर्मा, चौकी प्रभारी कस्बा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

4. हे0का0 सतीश सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, का0 रितेश सिंह पटेल, का0 अजीत यादव, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र ।

5. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित सिंह सर्विलान्स टीम, जनपद सोनभद्र ।

6. का0 हे0का0 अजय मौर्या, हे0का0 विजय शंकर, का0 रमेश कुमार थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।